**UPSI180019362020**

न्यायालय **Civil Judge Junior Division,** Mahmudabad, **Sitapur**

पीठासीन अधिकारी- (Mayank Prakash), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02293**

## मूलवाद सं० - Civil Suit/232/2020

सियाराम आदि बनाम सोनू आदि

**दिनॉक–24.08.2020**

प्रार्थना–पत्र 6ग मय शपथ–पत्र एवं प्रा0 पत्र 8ग वादीगण की ओर से प्रस्तुत किया गया।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

**निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2**

प्रार्थना पत्र 6ग पर सुना गया।

वादी द्वारा भूमि जिसे नक्शा नजरी संलग्न वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित किया गया है, स्थित ग्राम गनेरा परगना मनवां तहसील सिधौली जिला सीतापुर जिसकी चौहद्दी में पूरब–प्लाट वादीगण, पश्चिम–अटरिया से नीलगांव मार्ग, उत्तर–चकमार्ग, दक्षिण–शेष भूमि रोड साईड के सम्बन्ध में प्रतिवादीगण के विरूद्ध दौरान मुकदमा के लिए अस्थाई निषेधाज्ञा का अनुतोष याचित किया गया है। वादीगण के अनुसार उन्होने वादीय भूमि गाटा सं0 85 के सहखातेदार रेवती से जरिए 9 विक्रय–पत्र दिनांकित 17.08.2020 क्रय किया है। प्रतिवादीगण का वादीय भूमि से कोई वास्ता–सरोकार नहीं है। प्रतिवादीगण वादीय भूमि पर कब्जा व निर्माण कर लेना चाहते हैं। अतः जरिए अस्थाई निषेधाज्ञा उन्हे निषेधित किया जावे। वादी द्वारा अपने कथन के समर्थन में सूची 9ग से 10ग मूल बैनामे, 11ग खतौनी, 12ग खसरा प्रस्तुत किया गया है। इन प्रपत्रों से वाद–पत्र के अभिकथनों का इस स्तर पर समर्थन होता है। तद्नुसार विवादित स्थल को संरक्षित किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। तब तक प्रतिवादीगण भूमि जिसे नक्शा नजरी संलग्न वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित किया गया है, स्थित ग्राम गनेरा परगना मनवां तहसील सिधौली जिला सीतापुर जिसकी चौहद्दी में पूरब–प्लाट वादीगण, पश्चिम–अटरिया से नीलगांव मार्ग, उत्तर–चकमार्ग, दक्षिण–शेष भूमि रोड साईड है, पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें। वादी आदेश 39 नियम 3 जा0दी0 का अनुपालन करे। इस आदेश का प्रभाव सीमांकन कराये जाने वाले सक्षम प्राधिकारी पर नहीं पड़ेगा। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रा0–पत्र 6ग दिनांक–15.09.2020 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

**निस्तारण प्रार्थना–पत्र 8ग2**

प्रार्थना–पत्र 8ग2 वादी की ओर से नियुक्त किये जाने कमीशन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

न्यायहित में प्रा0 पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। बाद पैरवी सूची में नामित अगले क्रम के अधिवक्ता कमिश्नर को नोटिस जारी हो। कमिश्नर अपनी आख्या मय मानचित्र नियत तिथि तक प्रस्तुत करें।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

**अजय/–**

Digitally signed by Mayank Prakash
Date: 2020.08.24 17:35:32 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur